परयटन को लेकर देशभर में छाया उत्तराखंड, चारधाम और कांवड़ यात्रा में बना नया रकिॉर्ड

चर्चा में क्यों?

30 दसिंबर, 2022 को मीडिया से मलिी जानकारी के अनुसार तीर्थाटन और परयटन के क्षेत्र में साल 2022 उत्तराखंड के लयि अच्छा साबति हुआ। कोरोना के बाद फरि से शुरू हुई चारधाम और कांवड़ यात्राएँ चरम पर रहीं। वहीं दो नए रकिॉर्ड भी बने।

प्रमुख बदिु

- जानकारी के अनुसार कांवड़ मेला कोरोनाकाल के दो साल बाद हुआ और तीन करोड़ 82 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की रकिॉर्ड भीड़ से हरदि्वार के व्यवसाय को बूस्टर डोज मलिी। चारधाम यात्रा ने भी हरदि्वार के होटल और ट्रैवलर्स व्यवसाय को पटरी पर दौड़ा दयाि।
- हरदि्वार की पूरी अर्थव्यवस्था श्रद्धालुओं पर नरि्भर है। कोरोनाकाल में हरदि्वार में व्यवसायियों के कर्मचारियों का वेतन तो दूर बजिली-पानी के बलि और बच्चों की स्कूल फीस देने के लाले पड़ गए थे। कोरोना का कहर कम हुआ, लेकनि पाबंदियों से श्रद्धालुओं की संख्या नहीं बढ़ी, लेकनि 14 जुलाई से 27 जुलाई तक हुए कांवड़ मेले ने हरदि्वार के व्यवसाय को बूस्टर डोज दी।
- उत्तर भारत के कई राज्यों से तीन करोड़ 82 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में डुबकी लगाई और गंगाजल लेकर गंतव्यों को रवाना हुए। ऐतहिासकि भीड़ के बाद भी मेले में कोई अप्रयि घटना नहीं हुई। पुलसि और मेला प्रशासन ने बखूबी मेले को संपन्न कराया।
- कोरोनाकाल के दो साल बाद बनाि बंदशिों के चली चारधाम यात्रा ने इस साल नया रकिॉर्ड बनाया है। पहली बार चारों धामों में करीब 46 लाख से अधकि तीर्थयात्रियों ने दर्शन कयि। 19 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का इस साल समापन हो गया था।
- गौरतलब है कि इस बार बदरीनाथ धाम 17 लाख 60 हज़ार 646 श्रद्धालु पहुँचे। वहीं, रकिॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री गंगोत्री धाम पहुँचे। इस बार धाम में 624451 तीर्थ यात्री पहुँचे, जबकि यिमुनोत्री धाम में 485635 तीर्थ यात्री दर्शनों के लयि पहुंचे। इस वर्ष केदारनाथ यात्रा में रकिॉर्ड 15 लाख से अधकि श्रद्धालु पहुँचे हैं, जबकि यात्रा से 211 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है।
- चारधाम यात्रा के दौरान सरकार की ओर से बेहतर स्वास्थ्य सुवधिाओं के दावों के बीच वभिन्नि कारणों से 281 श्रद्धालुओं की मौत भी हुई। यात्राकाल में स्वास्थ्य वभिाग ने यात्रा मार्गों में नौ स्थानों पर हेल्थ स्क्रीनगि शुरू की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-sets-new-record-in-chardham-and-kanwar-yatra